पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
*****

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने अहमदाबाद में नवनिर्मित धन्वंतरी कोविड अस्पताल का दौरा किया

श्री अमित शाह ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायज़ा लिया

कल से शुरू होने वाले इस अस्पताल को 10 दिन की छोटी सी अवधि में तैयार किया गया

गुजरात यूनिवर्सिटी कन्वेंशन और एक्सीबीशन सेंटर अहमदाबाद स्थित 950 बेड के इस कोविड अस्पताल का निर्माण गुजरात सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), केन्द्रीय गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के सहयोग से किया है

950 बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल में कोविड मरीज़ों के लिए इंटेंसिव और क्रिटिकल केयर सहित सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध

सभी बेड ऑक्सीजन सुविधायुक्त हैं, इनमें से 250 बेड वेंटिलेटर सहित आईसीयू बेड होंगे

अस्पताल में 50 डॉक्टर और ड्यूटी मेडिकल ऑफ़िसर्स समेत 200 से अधिक मेडिकल और पेरा मेडिकल स्टाफ़ को तैनात किया जाएगा

केन्द्रीय गृह मंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी, उपमुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल और राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर गुजरात में कोविड की स्थिति की समीक्षा की

श्री अमित शाह आज अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर के सरकारी अस्पतालों में कोविड मरीज़ों के लिए 10 करोड़ रूपये की स्वास्थ्य सुविधाएँ भी प्रदान करेंगे

युद्धस्तर पर प्रदान की जाने वाली इन सुविधाओं में ऑक्सीजन कांसेनट्रेटर्स के रूप में 100 Bipap मशीनें, जिनमें गांधीनगर सिविल अस्पताल और सोला सिविल अस्पताल के लिए 50-50 मशीनें और 25 वेंटिलेटर शामिल

6 एंबुलेंस, 2 आईसीयू ऑन व्हील्स और 2 मोबाइल टेस्टिंग लेबोरेटरी भी प्रदान की, यह सुविधाएँ विशेष रूप से अहमदाबाद ज़िले के 160 गाँवो और गांधीनगर ज़िले के 100 गॉवों की ग्रामीण जनसंख्या तथा 4 नगरपालिका के लोगों को उपलब्ध कराई जाएँगी

नई दिल्ली: 23.04.2021

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज अहमदाबाद में नवनिर्मित धन्वंतरी कोविड अस्पताल का दौरा किया। श्री अमित शाह ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का जायज़ा लिया। कल से शुरू होने वाले इस अस्पताल को 10 दिन की छोटी सी अवधि में तैयार किया गया है। गुजरात यूनिवर्सिटी कन्वेंशन और एक्सीबीशन सेंटर अहमदाबाद स्थित 950 बेड के इस कोविड अस्पताल का निर्माण गुजरात सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), केन्द्रीय गृह मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के सहयोग से किया है। इस अस्पताल से अहमदाबाद शहर में कोविड-19 बेड की आपूर्ति में बढ़ोतरी होगी।

950 बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल में कोविड मरीज़ों के लिए इंटेंसिव और क्रिटिकल केयर सहित सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। सभी बेड ऑक्सीजन सुविधायुक्त हैं। इनमें से 250 बेड वेंटिलेटर सहित आईसीयू बेड होंगे। यह अस्पताल रेफ़रल हॉस्पिटल के रूप में काम करेगा और इसमें सेकेंडरी केयर को भी शामिल किया जाएगा। अस्पताल में 50 डॉक्टर और ड्यूटी मेडिकल ऑफ़िसर्स समेत 200 से अधिक मेडिकल और पेरा मेडिकल स्टाफ़ को तैनात किया जाएगा। साथ ही गुजरात विश्वविद्यालय के 185 युवा एनएसएस वालंटियर भी अस्पताल संचालन में मदद करने आगे आए हैं।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी, उपमुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल और राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर गुजरात में कोविड की स्थिति की समीक्षा की।

श्री अमित शाह आज अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर के सरकारी अस्पतालों में कोविड मरीज़ों के लिए 10 करोड़ रूपये की स्वास्थ्य सुविधाएँ भी प्रदान करेंगे। युद्धस्तर पर प्रदान की जाने वाली इन सुविधाओं में ऑक्सीजन कांसेनट्रेटर्स के रूप में 100 Bipap मशीनें, जिनमें गांधीनगर सिविल अस्पताल और सोला सिविल अस्पताल के लिए 50-50 मशीनें और 25 वेंटिलेटर शामिल हैं। इसके अलावा तुरंत इस्तेमाल के लिए 6 एंबुलेंस, 2 आईसीयू ऑन व्हील्स और 2 मोबाइल टेस्टिंग लेबोरेटरी प्रदान की गई।यह सुविधाएँ विशेष रूप से अहमदाबाद ज़िले के 160 गाँवो और गांधीनगर ज़िले के 100 गॉंवों की ग्रामीण जनसंख्या तथा 4 नगरपालिका के लोगों को उपलब्ध कराई जाएँगी। श्री अमित शाह गांधीनगर के अन्य सरकारी अस्पतालों को स्वास्थ्य उपकरण और सुविधाएँ भी प्रदान करेंगे।

****

एनडब्ल्यू/आरके/पीके/एडी/डीडीडी